1 संगति का फल

प्रस्तुत पाठ में कवि ने बताया है कि जो लोग अच्छी संगति में रहते हैं, उनके अंदर अच्छे गुण स्वाभाविक रूप से आ जाते हैं। अतः हम सभी को अच्छे बच्चों की संगति करनी चाहिए।

था गुलाब का पौधा कहीं पर,
फूल खिले थे, उसमें सुंदर।

लड़का एक वहाँ पर आकर,
सूँघा ढेला एक उठाकर।

महक रहा था ढेला ऐसा,
ताज़ा फूल महकता जैसा।

फूल वहाँ पर झड़ते होंगे,
उसके ऊपर पड़ते होंगे।

इससे उसमें खुशबू आई,
संगति का फल ऐसा भाई।

–अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

शिक्षा अच्छी संगति का फल मीठा होता है।

शिक्षण-संकेत
- बच्चों के संगति के विषय में उदाहरण देकर बताएँ।
- बच्चों से 'उ' तथा 'ऊ' की मात्रा के उच्चारण के विषय में समझाएँ।

शब्द-पोटली

फूल – पुष्प
ढेला – मिट्टी का टुकड़ा
संगति – संग, साथ रहना
सुंदर – खूबसूरत
महक – सुगंध, खुशबू
झड़ना – गिरना
लड़का – बालक
फल – नतीज़ा

अभ्यास

संकलित मूल्यांकन

पाठ बोध

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

मौखिक

(क) फूल किस पौधे पर खिले थे?

(ख) लड़के ने क्या उठाकर सूँघा?

(ग) ढेला किसकी तरह महक रहा था?

लिखित

(क) यह कविता किसके द्वारा लिखी गई है?

____

(ख) मिट्टी के ढेले में से फूल जैसी खुशबू क्यों आ रही थी?

____

(ग) इस कविता से क्या शिक्षा मिलती है?

____

2. पंक्तियाँ पूरी कीजिए :

(क) ____________________ कहीं पर,

____

फूल खिले थे, ________________।

(ख) फूल वहाँ ____________________,

____

____________________ होंगे।

3. सही के सामने ✓ और गलत के सामने ✗ का चिह्न लगाइए :

(क) किसी स्थान पर कमल के फूल खिले थे। ☐

(ख) ढेला ताज़े फूल की तरह महक रहा था। ☐

(ग) लड़की ने ढेले को सूँघा। ☐

(घ) हमारे जीवन में संगति का बहुत प्रभाव पड़ता है। ☐

भाषा बोध

1. सही शब्द के सामने ✓ लगाइए :

(क) पोधा ☐ पौदा ☐ पौधा ☐

(ख) मेहक ☐ महक ☐ मैहक ☐

(ग) ऊपर ☐ उपर ☐ ऊर्प ☐

2. जोड़कर लिखिए :

(क) गु + ला + ब = __________

(ख) ल + ड़ + का = __________

(ग) म + ह + क + ता = __________

रचनात्मक मूल्यांकन

मौखिक अभ्यास

- निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध उच्चारण कीजिए तथा लिखिए :

गुलाब ______ सुंदर ______ लड़का ______ सूँघा ______

फूल ______ झड़ते ______ खुशबू ______ संगति ______

परिचर्चा

- संगति का हमारे जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ता है। अगर हम अच्छे लोगों के साथ रहेंगे तो अच्छी बातें सीखेंगे और बुरे लोगों के साथ रहेंगे तो बुरी बातें सीखेंगे। इस विषय से संबंधित आपस में बातचीत कीजिए।

बूझो तो जानें

एक पुष्प है काले रंग का
सब के सर पर छाए
वर्षा में वह खिला रहे
और छाया देख कुम्हलाए।

उच्च बौद्धिक स्तरीय प्रश्न (HOTS)

- आप कैसे बच्चों के साथ उठते-बैठते हैं? सही विकल्प पर ✓ लगाइए :

अच्छों के ☐ बुरों के ☐
गंदों के ☐ बहुत अच्छों के ☐

मूल्यपरक प्रश्न (VBQ)

- पं० जवाहरलाल नेहरू अपने कोट पर सदा कौन-सा फूल लगाकर रखते थे?
- गुलाब के फूल से क्या-क्या बनाया जाता है?

जीवन कौशल (Life SKill)

- आप अपने जीवन में अच्छी संगति का आचरण कीजिए और जानिए कि उससे आपको क्या परिणाम मिलता है?